# अध्याय I

# संगठन, उसके कार्यों और दायित्वों का विवरण

**<u>संगठन का विवरण</u>**

**<u>सामान्य जानकारी</u>**

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) का निगमन दिल्ली में रेलवे विशेषज्ञता की सहायता से वाणिज्यिक विवेक की तर्ज पर भारत में तथा विदेश में रेल परियोजनाओं के निर्माण कार्य के मुख्य प्रयोजन से 28 अप्रैल, 1976 में "भारतीय रेल निर्माण कंपनी लिमिटेड" के नाम से किया गया था। अंतरराष्ट्रीय छवि तथा कंपनी के प्रचालन के कार्यक्षेत्र की तर्ज पर दिनांक 17 अक्तूबर, 1995 को कंपनी का नाम बदल कर "इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड" कर दिया गया।

मूल रूप से कंपनी का पंजीकरण रेल मंत्रालय के माध्यम से सरकार द्वारा पूर्ण अंशदान के साथ 10 करोड़ रूपए की प्राधिकृत शेयरपूंजी और 10.02 लाख रूपए की इक्विटी प्रदत्त शेयर पूंजी के साथ प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के रूप में किया गया था। सरकार द्वारा इस प्रदत्त शेयर पूंजी को वर्ष 1976 से 1985 के बीच 6 भागों में 10.02 लाख रूपए से बढ़ाकर 4.059 करोड़ रूपए किए गया था। सरकार द्वारा इस प्रदत्त शेयर पूंजी के 0.27 प्रतिशत का विनिवेश यूटीआई (अब आईआरएफसी) तथा बैंक ऑफ इंडियन म्यूचुवल फंड (अब बैंक ऑफ इंडिया) के पक्ष में किया गया था। इसके परिणामस्वरूप, कम्पनी को पब्लिक लिमिटेड कम्पनी में परिवर्तित किया गया और वर्ष 1992 में इसके शेयर दिल्ली और मुम्बई स्टॉक एक्सचेंजों में लिस्टिड किए गए थे। तथापि, इरकॉन कंपनी अधिनियम 1956 के खंड 617 के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार की कम्पनी बनी रही, जिसमें 99.715% शेयर पूंजी का स्वामित्व रेल मंत्रालल के माध्यम से सरकार का है।

इरकॉन की आरंभिक प्राधिकृत शेयर पूंजी 10 करोड़ रूपए है और यह वर्तमान में 400 करोड़ रूपए है तथा इसकी अंशदायी और प्रदत्त शेयर पूंजी 94.051 करोड़ रूपए हे।

इरकॉन - (क) 15 मई 2006 से एक अनुसूची "क' कंपनी है; (ख) वर्ष 1998 से एक मिनी रत्न श्रेणी-I कंपनी है; (ग) वर्ष 1991-92 से समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरकर्ता कंपनी है, (घ) वर्ष 1996 से गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए एक आईएसओ प्रमाणित कंपनी है; वर्ष 2011 से पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (वर्ष 2012-13 के दौरान प्रमाणित), तथा (ड.) वर्ष 1997-78 से लाभ अर्जित करने वाली कंपनी है जो 1980-81 से नियमित रूप से लाभांश का भुगतान कर रही है, और वर्ष 1981-82 से किसी भी वर्ष चूक किए बिना नियमित रूप विदेशी विनियम अर्जन करने वाली कंपनी है।

दिनांक 15.03.2012 से सूचीबद्ध कंपनी नहीं है। दिनांक 03.11.2011 से इरकॉन के शेयर बम्बई स्टॉक एक्सचेंज से असूचीबद्ध हैं। तथापि, भारत सरकार ने वर्ष 2017-18 के बजट में कंपनी के शेयरों के सूचीकरण की घोषणा की है और तदनुसार, शेयरों के सूचीकरण की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है।

**<u>प्रचालनिक विशेषता</u>**

कंपनी ने 1977-78 में अपना प्रचालन आरंभ किया और इराक और तत्पश्चात अल्जीरिया में प्रमुख उपलब्धि के साथ व्यापक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश किया। अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करते हुए समय पर परियोजनाओं के निष्पादन के परिणामस्वरूप इरकॉन को भारत में अग्रणी निर्माण कंपनियों में से एक के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। विशिष्ट रूप से रेलवे क्षेत्र में अपना प्रचालन आरंभ करने के पश्चात कंपनी ने वर्ष 1985 में निर्माण के अन्य क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों में विविधता प्राप्त की है। बीओटी, बीओओटी, बीएलटी आदि, पट्टा, रियल इस्टेट आदि संबंधी व्यवसाय को शामिल करने के लिए वर्ष 1993 में कंपनी के कार्यक्षेत्र को और संवर्धित किया गया।

इरकॉन की प्रमुख सक्षमता रेलवे, राजमार्ग तथा ईएचटी उप-स्टेशन इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र में है। कंपनी ने गिट्टीरहित रेलपथ, विद्युतीकरण, सुरंग निर्माण, सिग्नल और दूरसंचार सहित रेल निर्माण के क्षेत्रों में तथा इंजनों को पट्टे पर देने, सड़क, राजमार्ग निर्माण, वाणिज्यिक, औद्योगिक तथा आवासीय भवनों तथा परिसरों, हवाईअड्डा रनवे तथा हैंगरों, मेट्रो तथा मास रेपिड ट्रांजिट सिस्टम आदि क्षेत्रो में प्रचालित परियोजाओं का निष्पादन किया है।

वर्तमान में इरकॉन म्यामार, नेपाल, बांग्लादेश, अल्जीरिया तथा दक्षिण अफ्रीका  में परियोजनाएं निष्पादित कर रही है। कंपनी भारत में कुछ प्रतिष्ठित परियोजनाओं का निष्पादन कर रही है जिसमें शामिल हैं - छत्तीसगढ राज्य में गेवरा रोड से पेंड्रा रोड के बीच पूर्व-पश्चिम गलियारे के गलियारा-।।। का निर्माण, छत्तीसगढ राज्य में व्यवहार्यता अध्ययन; आरडीयूएम-टीएएल-आरजेओ (रामपुरधुमना ताल राजेन्द्रपाल) परियोजना में दोहरीकरण परियोजनाएं, क्यूल गया, हाजीपुर-बछवारा, कटनी-सिंगरौली परियोजना: झारखंड, उड़ीसा और छत्तीसगढ राज्यों में रेल कोयला सम्पर्कता परियोजना (परियोजनाओं) का निष्पादन, नगरनार, छत्तीसगढ में प्रस्तावित एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए निजी रेल साइडिंग के निर्माण से संबंधित सिविल और रेल सहायक कार्यों का निष्पादन; अखौरा-अगरतला रेल संपर्क परियोजना; वैतरणी-सचिन खंड के समर्पित मालभाड़ा गलियारा परियोजना के लिए सिविल भवन एवं रेलपथ निर्माण कार्य हेतु अभिकल्प और निर्माण; राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), मिजोरम में बाहरी विकास कार्यों तथा आंतरिक सेवाओं से संबंधित अभिकल्प, आरेखण और निर्माण का अतिरिक्त कार्य; कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के देवनागरे-हवेरीखंड को छह लेन का बनाना; और पूर्व मध्य रेलवे के लिए बिहार राज्यम में सड़क उपरिपुलों के निर्माण का अतिरिक्त कार्य (नए सड़क उपरिपुल - 12)।

**भारत में निष्पादनाधीन अन्य परियोजनाओं** में शामिल हैं जम्मू और कश्मीर में धरम से काजीगुंड तक बीजी नई रेल लाइन**;** रायबरेली**,** उत्तर प्रदेश में नया रेल डिब्बा कारखाना**;** छत्तीसगढ राज्य में पूर्व गलियारे के गलियारा-। का निर्माण**;** शिवोक-रंगपो नई रेल लाइन परियोजना**;** बिहार और राजस्थान राज्यों

में सड़क उपरिपुलों का निर्माण; राजस्थान राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-15 के बीकानेर - फलौदी खंड को चौड़ा करना व सुदृढ़ीकरण; मध्यप्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-3 के शिवपुरी - गूना खंड को चार लेन का बनाना; झारखंड और बिहार राज्यों में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों को निर्माण/ स्तरोन्नयन; जम्मू और कश्मीर राज्य में जम्मू प्रांत में आरएपीडीआरपी परियोजना; जयनगर (भारत) - बीजलपुरा (नेपाल) के बीच तथा जोगबनी (बिहार), भारत तथा बिराटनगर (नेपाल) के बीच रेल संपर्क, बोंडामुंडा, दौंड और मुगलसराय में विद्युत इंजन शेड; शालीमार में कोचिंग टर्मिनल; संतरागाछी में परिपत्रन क्षेत्र का विकास और अनिवार्य यात्री सुविधाएं तथा कोना एक्सप्रेस-वे के लिए सड़क संपर्कता; तथा दिल्ली मेट्रो के लिए मेट्रो कार्य।

**वर्ष 2016-17 के समाप्त होने के पश्चात प्राप्त प्रमुख परियोजनाओं** में शामिल हैं - विशाखापट्नम में डीजल इंजन शेट का संवर्धन, पश्चिम मध्य रेलवे के लिए कटनी ग्रेड सेपरेटर, सफदरजंग रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास, कटनी-सिंगरौली के लिए रेल विद्युतीकरण कार्य तथा सिग्नलिंग सहित मथुरा-कासगंज-कल्याणपुर रेल विद्युतीकरण कार्य।

वर्ष के दौरान, भूटान और बांग्लादेश में कंपनी ने परियोजनाएं समाप्त की हैं यथा (क) भूटान - पारो में मौजूदा उपस्टेशन को विखंडित करने और उप स्टेशन के अभिकल्प, इंजीनियरिंग, निर्माण, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण और कार्यारम्भ के लिए टर्नकी परियोजना; तथा (ख) बांग्लादेश - दूसरे भैरब रेल पुल का निर्माण।

कंपनी ने **भारत में भी दो परियोजनाओं** को पूरा किया है यथा अलुवा से पेट्टा गलियारे के एलिवेटिड खंड में मानक आमान के गिट्टीरहित रेलपथ के लिए संविदाकेट-4 तथा कोच्ची मेट्रो रेल लिमिटेड के मटन डीपो में मानक आमान रेलपथ कार्य के लिए संविदा केटी-5आर1.

**आर्डर बुक**

कंपनी ने वर्ष के दौरान 6030 करोड़ रूपए मूल्य के नए कार्य प्राप्त किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2017 को कार्यभार 18878 करोड़ रूपए हो गया है। वर्ष की समाप्ति के पश्चात प्राप्त कार्यों से कार्यभार दिनांक 30 जून 2017 को 17910 हो गया है।

**निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व और धारणीयता**

कंपनी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों पर 5.89 करोड़ रूपए की राशि खर्च की है, जिनमें व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, अभिन्न रूप से सक्षम व्यक्तियों को सुविधाएं, रोजगार, शिक्षा संवर्धन, तथा अवसंरचना विकास के क्षेत्र शामिल हैं।

**सहायक कंपनियां और संयुक्त उपक्रम कंपनियां**

वर्ष के दौरान, कंपनी ने इरकॉन द्वारा 26 प्रतिशत की इक्विटी भागीदारी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में कोयला संपर्कता परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड (बीआरपीएल) का निगमन दिनांक 05.05.2016 को किया गया था।

वर्ष के समापन के पश्चात, राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 48 (पुराना रा.रा-4) के विकास, अनुरक्षण और प्रबंधन का कार्य करने के लिए 11 मई 2017 को "इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड (इरकॉन डीएचएचएल)" नामक एक पूर्णस्वामित्व वाली सहायक कंपनी का सृजन किया है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित कंपनियों में अपने स्टेक का विनिवेश किया है:

i) रियायत के समापन से संबंधित विवाद के संबंध में मोजांबिक सरकार के साथ दिनांक 21 अक्तूबर 2015 को हुए निपटान करार की शर्तों के अनुसार भुगतान प्राप्त होने के परिणामस्वरूप मोजांबिक में बेरा रेल रियायत परियोजना के निष्पादन के लिए सृजित संयुक्त उद्यम कंपनी यथा कम्पैनिया डोस कमिनोस डे फेरो डा बेरा एसए (सीसीएफबी) में 25 प्रतिशत।

ii) भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम लिमिटेड (आईआरएसडीसी) (इरकॉन द्वारा धारित 51% में से आरएलडीए को) के 1 प्रतिशत स्टेक का अंतरण ताकि रेल मंत्रालय के दिनांक 10.04.2017 के पत्र के अनुसार आईआरएसडीसी को 50:50 का संयुक्त उद्यम बनाया जा सके।

इन संवर्धनों/विनिवेशों के साथ इरकॉन समूह में अब चार सहायक कंपनियों (यथा इरकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेस लिमिटेड, इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड, इरकॉन शिवपुरी गूना टोलवे लिमिटेड और इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड) तथा भारत में सात संयुक्त उद्यम कंपनियों (यथा इरकॉन-सोमा टोलवे प्राइवेट लिमिटेड, भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम लिमिटेड, छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड, छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेलवे लिमिटेड, महानदी कोल रेलवे लिमिटेड तथा झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड तथा बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड)।

**वित्तीय विशेषताएं**

वर्ष 2016-17 के दौरान, आपकी कंपनी ने 3254 करोड़ रूपए का टर्नओवर प्राप्त किया है जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है तथा 532 करोड़ रूपए का करपूर्व लाभ प्राप्त किया है, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत कम है। यह कमी वर्ष 2015-16 के दौरान मोजांबिक सरकार के साथ निपटान करार पर मान्य व्यापक आय के कारण दर्ज हुई है।

इरकॉन ने प्रदत्त शेयर पूंजी के 550 प्रतिशत की दर पर 192.40 करोड़ रूपए के कुल लाभांश का भुगतान किया है जो वर्ष 20167-17 के लिए कर पूर्व लाभ का 52.15 प्रतिशत है।

वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2016-17 के लिए कंपनी के वित्तीय निष्पादन के कुछ महत्वपूर्ण सूचक निम्नानुसार हैं:

**(रूपए करोड़ में)**

| विवरण | 2016-17 | 2015-16 |
|---|---|---|
| 1. कुल आय(सकल बिक्री) | **3254** | 2860 |
| 2. कुल प्रचालनिक आय | **2995** | 2419 |
| 3. कर पूर्व लाभ | **532** | 602 |
| 4. कर पश्चात लाभ | **369** | 395 |
| 5. निवली संपत्ति | **3828** | 3667 |

वर्ष 2016-17 के दौरान कम्पनी ने निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त किए

| **पुरस्कार प्रदाता प्राधिकरण** | **पुरस्कार की प्रकृति** | **वर्ष** |
|---|---|---|
| दैनिक भास्कर और डेली न्यूस एंड एनेलाइसिस (डीएनए) द्वारा "इंडिया सप्राइड अवार्ड" | उत्कृष्ट सीएसआर/पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण | 2016 |
| निर्माण उद्योग विकास परिषद् (सीआईडीसी) | (i) गंगा नदी, पटना पर सड़क-सह-रेल पुल<br>(ii) आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली | 2016<br>2017 |
| डन एंड ब्रैडस्ट्रीट | (i) कुल आय के अनुसार 93वें स्थान के लिए प्रमाणपत्र<br>(ii) लालगंज (उत्तर प्रदेश) के रायबरेली में रेल डिब्बा कारखाना का निर्माण, चरण-I परियोजना के लिए सर्वश्रेष्ठ अवसंरचना परियोजना। | 2016<br>2016 |
| गवर्नेंस नाव | मानव संसाधन पहल की श्रेणी में चौथा पीएसयू पुरस्कार (मिनीरत्न-1) | 2016 |

## कार्य एवं दायित्व

**विजन** - यह सूचना लिंक : http://www.ircon.org – क्विक मिनू – कंपनी - विजन से प्राप्त की जा सकती है।

**मिशन** - यह सूचना लिंक : http://www.ircon.org – क्विक मिनू – कंपनी - विजन से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रमुख मूल्य -** यह सूचना लिंक : http://www.ircon.org – क्विक मिनू – सहायक कंपनियां और संयुक्त उपक्रमों से प्राप्त की जा सकती है।

## सहायक कंपनियों और संयुक्त उपक्रम

यह सूचना लिंक : http://www.ircon.org – क्विक मिनू – सहायक कंपनियां और संयुक्त उपक्रमों से प्राप्त की जा सकती है।

## इरकॉन निगमित कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और परियोजना कार्यालयों के पते

यह सूचना लिंक : http://www.ircon.org – क्विक मिनू – कार्यालय नेटवर्क से प्राप्त की जा सकती है।

*****